आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक 26.06.2024 समय 18.30

- भाजपा सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए–श्री बिरला ने 18 वीं लोकसभा में लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्वहन को अपनी प्राथमिकता बताया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल झुंझुनूं से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की बढ़ी हुई राशि पेंशनर्स के बैंक खातों में सीधे हस्तान्तरित करेंगे।
- प्रदेश में मॉनसून और आगे बढ़ा– उदयपुर, करौली, भरतपुर में अच्छी बारिश।
- मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम।

000

भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से आज 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष की ओर से शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव पेश किया। श्री बिरला पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। अपने संबोधन में श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का निर्वहन नकी प्राथमिकता रहेगी।

....................

इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि यह राजस्थान के लिए गौरव की बात है कि लोकसभा में राजस्थान के सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार अध्यक्ष का पद संभालेंगे। उन्होंने कहा कि श्री बिरला के मार्गदर्शन में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। श्री बिरला के लगातार दूसरी बार स्पीकर चुने जाने पर प्रदेशभर में खुशी

का माहौल है। आज जयपुर में पार्टी कार्यालय में आतिशबाजी की गई। इसी तरह श्री बिरला के निर्वाचन क्षेत्र कोटा में भी लोगों ने पटाखे चलाये और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई।

0000

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल झुंझुनूं से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के बैंक खातों में सीधा हस्तान्तरण करेंगे। इस दौरान लाभार्थी संवाद कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री 88 लाख 44 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 38 करोड 55 लाख रुपए की राशि हस्तान्तरित करेंगे। उनके साथ सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत भी रहेंगे।

बाड़मेर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का जिला स्तरीय कार्यक्रम कल भगवान महावीर टाऊन हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बाड़मेर जिले के 1 लाख 95 हजार से ज्यादा पेंशनर्स के खातों में 22 करोड़ 49 लाख रूपये डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किए जाएंगे।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 413 की जानकारी दे रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति को धारा 413 के तहत बरी करने या छोटे अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने या अपर्याप्त मुआवजा लगाने के किसी भी आदेश के खिलाफ अपील करने का अधिकार है। पीड़ित को इस अधिकार का प्रयोग करने के लिए राज्य की अनुमति या अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है। यह प्रावधान पीड़ित को अपील करने की स्वायत्तता प्रदान करके सुनवाई के अधिकार और कानूनी कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लेने के अधिकार को मजबूत करता है।

इस कानून के बारे में जागरूकता के लिए जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। डूंगरपुर में आज इसी सिलसिले में संगोष्ठी रखी गई। पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया कि संगोष्ठी के जरिये विभिन्न वर्गों को नये कानूनों के बारे में बताया गया।

000

प्रदेश के कई जिलों में हल्की से तेज वर्षा हुई है। चित्तौडगढ़ में दोपहर बाद हुई तेज वर्षा से सड़क पर पानी जमा हो गया। उदयपुर में भी तेज वर्षा हुई जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। करौली और भरतपुर में भी जोरदार पानी बरसा। राजधानी जयपुर के भी कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। सिरोही के कई कस्बों में आज हुई बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है।

.........................

बांसवाड़ा समेत कई अन्य जिलों में भी आज हल्की से मध्यम वर्षा के समाचार हैं। पाली के बीजापुर गांव में बारिश के दौरान छज्जा गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये। उधर, चूरू में दिनभर उमस के बाद शाम को पानी बरसा, जबकि शाहपुरा, श्रीगंगानगर में उमस और गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मॉनसून अगले कुछ दिन में राज्य के अन्य हिस्सों में सक्रिय हो जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बारिश के साथ बिजली गिरने के मामलों में बढ़ोतरी होगी।

.......................

000

आज मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस है। इस दिवस को विश्व औषधि दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वर्ष का विषय है –साक्ष्य से स्पष्ट है–रोकथाम में निवेश आवश्यक। भारत में, नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

मंत्रालय द्वारा देश भर में, बड़े पैमाने पर नशा मुक्त भारत अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा, नशे के आदी लोगों के लिए तीन सौ 42 से अधिक एकीकृत पुनर्वास केंद्र भी बनाएं गए हैं। नशा छोड़ने में मदद करने के लिए सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर 1 4 4 4 6 भी शुरू किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को प्राथमिक परामर्श और तत्काल रेफरल जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

प्रदेश में इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। राजधानी जयपुर के आमेर क्षेत्र में कुंडा स्थित नशा मुक्ति केन्द्र से रैली निकाली गई। सिरोही जिले के आबूरोड में नशीली दवाओ के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने की । इस दौरान नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

अजमेर में नशा मुक्ति रैली निकाली गई। जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। करौली में भी इस मौके पर पुलिस अधीक्ष बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिसकर्मियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। भरतपुर में जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं चूरू में सेमिनार हुई। पाली में संगोष्ठी और शपथ के कार्यक्रम हुए। जोधपुर में एनसीबी की ओर से नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ वॉकथान का आयोजन किया गया। जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और जागरूकता रैली निकाली।

000

नीट यू.जी. परीक्षा के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की विभिन्न शिक्षाविदों ने सराहना की है। इसी क्रम में बरेली

अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि देश के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार यथोचित कदम उठायेगी। उन्होंने छात्रों से निश्चिन्त रहने की अपील की है।

....................

000